प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय सर्वेक्षण विभाग , (विज्ञान एवं प्रौ मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा पंचम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून 2019 को सामुदायिक भवन ,हाथीबडकला इस्टेट विभागीय परिसर देहरादून में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया | जन सामान्य के बीच योग के प्रति जागरूकता का प्रसार प्रचार करने हेतु पोस्टर बैनर लगवाए गए |

हाथीबडकला आवासीय परिसर में रहने वाले सभी अधिकारियों एवं स्टाफ के करीब 200 परिवारों के अलावा स्थानीय नागरिकों ने भी इस योगाभ्यास में बढ़ कर हिस्सा लिया |

पंचम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए लेफ़्टीनेंट जनरल गिरीश कुमार , वी एस एम भारत के महासर्वेक्षक द्वारा देहरादून के सभी कार्यालयों के अलावा देश के अन्य प्रान्तों में स्थित विभाग के अन्य निदेशालयों में भी इसे सफल बनाने के लिए पहले से ही दिशा निर्देश जारी किए गए |

योगाभ्यास के दौरान वरिष्ठतम अधिकारी श्री नवीन तोमर अपर महासर्वेक्षक (वि समूह) ने सभी उपस्थित जनो को योग के महत्व एवं इसके अनेकों गुणकारी लाभ के बारे मे संक्षिप्त जानकारी दी |